उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001

सूचना/ विज्ञप्ति

उ0प्र0 पुलिस में पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक, (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा)की सीधी भर्ती–2020 के अन्तर्गत दिनांक 04.12.2021 एवं दिनांकः05.12.2021 को प्रतिदिन 02 पालियों में आयोजित की गयी ऑनलाइन लिखित परीक्षा के प्रश्नों तथा आन्सर–की (उत्तर कुन्जी) के सम्बन्ध में ऑनलाइन आपत्तियां प्राप्त करने के सम्बन्ध में

संख्याःपीआरपीबी- एक-5(लि0सं0)-16/2020 (प्र0प0) दिनांकः दिसम्बर 15, 2021

उ0प्र0 पुलिस में पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) की सीधी भर्ती– 2020 के अन्तर्गत दिनांक 04.12.2021 एवं दिनांकः05.12.2021को प्रतिदिन 02 पालियों में आयोजित की गयी ऑनलाइन लिखित परीक्षा की सभी पालियों के प्रश्नों पत्रों तथा उनकी उत्तर कुंजी (Answer Key) बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर दिनांकः 17.12.2021 को प्रातः 9.00 बजे से प्रदर्शित की जा रही है जो दिनांकः 23.12.2021 रात्रि 9:00 बजे तक वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी ।

2– अभ्यर्थियों को किसी प्रश्न या किसी प्रश्न के उत्तर विकल्प या उत्तर कुंजी के सम्बन्ध में कोई विसंगति प्रतीत होती है तो वे अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थियों को आपत्ति दर्ज कराने हेतु बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर जाकर अपने रजिस्ट्रेशन/आवेदन नम्बर व जन्म तिथि की सहायता से लॉगिन (Login) करना होगा। जिससे प्रत्येक अभ्यर्थी केवल अपना प्रश्न–पत्र/उत्तर कुंजी देख सकेंगे। अभ्यर्थीगण दिनांकः17.12.2021 को प्रातः 9.00 बजे से दिनांकः23.12.2021 को रात्रि 9:00 बजे तक ही अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं ।

3– अभ्यर्थी अपनी आपत्ति सुसंगत अभिलेख/सूचना के साथ, केवल एक ही बार बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन ही दर्ज करा सकते हैं। अतः अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि आपत्ति दर्ज करने से पूर्व उसका भली–भांति परीक्षण करने के उपरान्त ही आपत्ति दर्ज(Submit) करें। इससे भिन्न किसी अन्य माध्यम से प्रेषित आपत्तियों, जिसमें रजिस्ट्री, डाक अथवा ई–मेल से प्रेषित प्रार्थना पत्र भी सम्मिलित हैं, पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

4– यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा ।

15/12/21

अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।